मप्र में इंदौर एक ऐसा शहर है जहां पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम सफलता के साथ काम कर रहा है। शहर में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचने के लिए शहर के लोगों के लिए सरकारी व निजी कई तरह के लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा इसी साल के अंत तक शहरवासियों को मेट्रो रेल की भी सुविधा उपलब्ध होने वाली है। इतनी व्यवस्था होने के बाद भी शहर की सड़के वाहनों से पटी रहती है। सभी प्रमुख चौराहों पर वाहनों की लम्बी कतार लगी रहती है। इस व्यवस्था से निपटने के लिए इंदौर में अगर सब कुछ ठीक रहा तो शहर वासियों को आसमान पर घूमने का मौका मिलेगा। यानी तारों पर दौड़ने वाली केबल कारों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकेंगे।

**आईडीए ने तैयार किया ब्ल्यू प्रिंट** - राज्य सरकार ने इंदौर में केबल कार चलाने की जिम्मेदारी आईडीए को सौंपी है।। आईडीए ने इस प्रोजेक्ट पर काफी कुछ तैयारियां भी कर ली है। प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने के लिए वेपकास कंपनी को कंसलटेंट नियुक्त किया है। केबल कार के लिए किए गए सर्वे की प्रांरभिक रिपोर्ट के आधार पर पूरे प्रोजेक्ट का ब्ल्यू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार इंदौर में केबल कार का कुल एरिया लगभग 60 किलोमीटर का होगा और इसमें 41 स्टेशन रहेंगे। विभिन्न कलर की कुल सात रुट लाइन रहेगी। ओडीए के अधिकारियों ने बताया की प्रोजेक्ट की यह प्रारम्भिक स्टेज है। इसी आधार पर रिपोर्ट तैयार की है। सब कुछ तय हो जाएगा उसके बाद फाइनल सर्वे होगा। प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने के लिए प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसमें विशेषज्ञ, कंसलटेंट , विभागीय इंजीनियर सभी मिलकर काम कर रहे है।

**इंदौर केबल कार प्रोजेक्ट की कुछ इस तरह है सर्वे रिपोर्ट**

**ऐसी होगी 60 किलो लम्बी कनेक्टिविटी**

**रूट 1 - ग्रीन लाइन - कुल लंबाई 6.25 किमी**

चंदन नगर चौराहा, लाबरिया भेरू, मालगंज चौराहा, यशवंत रोड गुरुद्वारा, जवाहर मार्ग, सरवटे बस स्टैंड, शिवाजी वाटिका तक जाएगी। कुल स्टेशन होंगे 6

**रूट 2 - ब्लू लाइन - कुल लंबाई 7.25 किलोमीटर**

मेट्रो स्टेशन सुपर कॉरिडोर 3 से टिगरिया बादशाह, स्कीम 151, मरीमाता चौराहा, राजबाड़ा , यशवंत रोड गुरुद्वारा तक जाएगी। कुल स्टेशन होंगे 6

**रूट 3 - ऑरेंज लाइन - कुल लंबाई 9 किलोमीटर**

निरंजनपुर चौराहा , ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, बापट चौराहा. चंद्रगुप्त चौराहा, कनकेश्वरी माता, लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन, मरीमाता चौराहा, किला मैदान होते हुए रामचंद्र नगर तक जाएगी। कुल स्टेशन होंगे 8

**रूट 4 - परपल लाइन- कुल लंबाई 17.3 किलोमीटर**

निरंजनपुर चौराहा , देवास नाका, सत्यसाईं चौराहा, विजय नगर, एलआईजी, पलासिया, शिवाजी वाटिका, इंदिरा गांधी चौराहा, टॉवर चौराहा, आईटी पार्क, तीन इमली रिंग रोड, बाबुल नगर, प्रभु टोल नाका होते हुए नेमावर रोड बायपास तक जाएगी। कुल स्टेशन होंगे 14।

**रूट 5 - रेड लाइन- कुल लंबाई 8.02 किलोमीटर.**

महिला पॉलिटेक्निक राजेंद्र नगर, चाणक्यपुरी, दशहरा मैदान, महू नाका, कलेक्टोरेट, वीर सावरकर मार्केट, लुनियापुरा, सरवटे बस स्टैंड होते हुए रेलवे स्टेशन तक जाएगी। **कुल स्टेशन - 8**

## एक नजर

### युवती का आईफोन लेकर भागे बदमाश

इंदौर। तिलक नगर इलाके में बदमाश एक युवती का आईफोन लूटकर ले गए। पुलिस ने मामले में बाइक सवार दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। तिलक नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तंजीम पिता इम्तियाज शेख निवासी एबी रोड़ यातायात थाने के सामने की शिकायत पर पुलिस ने लुटेरों पर कार्रवाई की है। तंजीम ने बताया कि वह ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करती है। मंगलवार देर शाम पिपल्याहाना चौराहे पर बस से उतरी थी। पैदल आशा क्लिनिक से मोबाइल पर बात करते हुए जा रही थी। तभी पीछे से बाइक पर दो बदमाश आए। जिसमें से पीछे बैठे बदमाश ने हाथ से आईफोन 15 प्रो झपटा और गाड़ी तेजी में लेकर चले गए। इस दौरान पीड़िता ने मदद के लिये आवाज भी लगाई। लेकिन बदमाश काफी दूर निकल चुके थे। थाने आकर मामले में केस दर्ज कराया है।

### महिला मित्र के साथ था पति:पत्नी ने सवाल किया तो की मारपीट

इंदौर। विजयनगर में मंगलवार रात सड़क पर एक हाईवोल्टेज ड्रामा सामने आया, जहां एक पति ने उसकी पत्नी के साथ बीच सड़क पर मारपीट की और तलाक न देने पर जान से मारने की धमकी दी।जिस पर पीड़िता ने मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता माधुरी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 10 दिसंबर 2017 को विनय गुंजन के साथ हुई थी, विनय के खिलाफ साल 2022 में धार में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है। विनय का किसी ओर महिला के साथ अफेयर है, इस कार । वह तलाक देना चाहता है, यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मंगलवार को व अपने रिश्तेदार के यहां गयी थी, रात करीब 8:30 बजे लौटते समय पति विनय उनकी महिला मित्र श्रद्धा जोशी के साथ रसोमा चौराहे पर दिखाई दिए। सवाल करने पर विनय और श्रद्धा ने अभद्रता की। इसके बाद विनय ने थप्पड़ मारे, हाथ मोड़ दिया और सड़क पर ही मारपीट की।

### 2 छात्राओं से छेड़छाड़

इंदौर। कॉलेज की दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जिसमें बस ड्राइवर और कंडक्टर पर गंभीर आरोप लगाए है। मामले में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के कार्यकर्ता बुधवार दोपहर लड़कियों को लेकर थाने पहुंचे थे। जिसमें पुलिस ने छेड़छाड़ का प्रकर । दर्ज करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है और एक अन्य की तलाश की जा रही है। छात्राओं ने अटैच निजी बस के ड्राइवर हसीब खान और कडंक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बस में बैठने के दौरान ड्राइवर और कंडक्टर ने बात करने का दबाव बनाने के साथ 3 घंटे बस में घुमाते रहे। इस मामले में बस कांट्रेक्टर भाटिया को जानकारी दी गई, जिसके बाद ड्राइवर को निकाल दिया गया। वही एबीवीपी को जानकारी मिलने पर कार्यकर्ता छात्राओं के साथ थाने पहुंचे, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कराया गया।

### एटीएम के बाहर मिले लुटेरे महिला से कार्ड छीना, खाते से निकाले 90हजार रुपए

इंदौर। लसूडिया इलाके में एक महिला के साथ अजीब तरह से लूट की वारदात हुई है। वह एटीएम मशीन पर पैसे निकालने गई थी वहीं पर दो लडके मिले, धमकाते हुए एटीएम कार्ड छीन लिया। बाद में खाते से 90000 रुपए निकाल लिए आरोपियों की तलाश जारी है। लसूडिया पुलिस के अनुसार फरियादी गुंजा साखरे पति अशोक निवासी बापट चौराहा सुखलिया की शिकायत पर अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह करीब 15 दिन पहले ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर के सामने स्कीम नंबर 78 की एटीएम मशीन पर पैसे निकालने गई थी । पैसे निकाल कर बाहर निकली तभी दो लडके मिले । उन्होंने धमकाया कि उसकी वजह से उनके एटीएम से पैसे नहीं निकल पाए और पैसे अटक गए । एटीएम कार्ड दिखाने को कहा तो घबराई हुई गुंजा ने एटीएम निकाला तो बदमाश एटीएम छीनकर भाग गए । बाद में उनके पास मैसेज आए कि उनके आइसीआइसीआइ बैंक के खाते से नौ बार में 90000 रुपए निकले हैं। पुलिस अब बैंक डिटेल और एटीएम व चौराहा के बाहर के फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।



इंदौर। पुलिस ने होटल में मॉक ड्रिल कर, आपातकालीन परिस्थिति में कैसे है वहां के सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम, लिया इसका जायजा ।

## दो नाबालिग हो गई गायब

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र की भील कालोनी और आरआई-2 रोड से दो नाबालिग गायब हो गई। पुलिस को परिजनों ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायतें दर्ज करवाई है। दोनों नाबालिगों की उम्र करीब 14 वर्ष की है।

## महिला की चेन लूटी

### बाइक से आए बदमाश झपट्टा मारकर भागे

इंदौर। सेन्ट्रल कोतवाली इलाके में बेटी के साथ मार्केट आई एक महिला के साथ लूट की वारदात हो गई। बाइक सवार बदमाश झपट्टा मारकर चेन ले भागे। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर केस दर्ज किया है। फुटेज के आधार पर पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे की है।

सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक, शकुंतला वाध्वी निवासी आदर्श नगर सुखलिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने शिकायत में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बेटी रूपाली के साथ रानीपुरा स्थित एक जनरल स्टोर पर सामान खरीदने पहुंची थी। तभी पीछे से आए एक बदमाश ने गले पर झपट्?टा मारा। इस दौरान चेन का टुकडा नीचे गिर गया। चिल्लाने पर आरोपी अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। इस दौरान आरोपी चैन का टुकडा और पैंडल भी अपने साथ ले गया।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शकुंतला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। जिसमें आसपास मिले फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। कुछ फुटेज बुधवार को निकाले जाएगें।

## वृंदावन रेस्टोरेंट में लगी आग, चिमनी से शेड जला

इंदौर। स्कीम नंबर 78 स्थित होटल में बुधवार दोपहर आग लग लग गई। यहां सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची, हालांकि इसके पहले ही होटल के कर्मचारियों ने आग पर काबू कर लिया।

फायर ब्रिगेड टीम से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब 4 बजे वृंदावन रेस्टोरेंट के तीसरे माले की छत पर बने शेड में अचानक धुआं निकलने लगा। यहां लगा पूरा शेड जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि चिमनी से निकली लपटों के चलते यहां आगजनी हुई है। यहां घटना के समय छत पर कुछ लोग मौजूद थे, जिन्हें कर्मचारियों ने नीचे भेज दिया। इसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। यहां करीब डेढ़ साल पहले भी इसी तरह से आगजनी की घटना हो चुकी है। गनीमत यह रही कि उस समय भी घटना में किसी तरह की जनहानि नही हुई थी और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू कर लिया था।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड एसआई की मौत :पत्नी घायल

### बेटे से मिलकर लौटते समय हुआ हादसा

इंदौर। रिटायर्ड एसआई की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने बेटे और पोते से मिलने धार से आए थे। शाम को वापस धार जाने के दौरान हादसे का शिकार हो गए। हादसे में उनकी पत्नी भी घायल हुई है। उनका उपचार चल रहा है।

गांधी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छीतर सिंह सिसौदिया (68), निवासी मंडलावदा (धार) की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी तेजूबाई (62) घायल हुई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छीतर सिंह अपनी पत्नी के साथ इंदौर से धार की तरफ जा रहे थे। दिलीप नगर के पास उनकी बाइक को सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। दंपती दूर जा गिरे। जिसमें छीतर सिंह के सिर में चोट आई थी। उन्हें एंबुलेंस से नजदीक के अस्पताल भेजा गया। यहां से एमवाय भेज दिया। रात में उन्होंने दम तोड़ दिया। छीतर सिंह के बेटे ओमप्रकाश इंदौर में पिकअप चलाते हैं और भवानी नगर में रहते हैं। यहां पर बेटे-पोते से मिलने के बाद वह अपने घर जा रहे थे। ओमप्रकाश का बड़ा बेटा उपेन्द्र मंडलावदा में रहता है। जो निजी कंपनी में काम करता है। वहीं एक बेटी भी है। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाली बाइक जब्त कर ली गई है। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया था। उसकी तलाश की जा रही है।

## कार कंपनी के गार्ड को ट्रक ने रौंदा, मौत

इंदौर। कार कंपनी के एक गार्ड की सडक हादसे में मौत हो गई। सुबह-सुबह वह गोदाम तरफ जा रहा था, सडक पार करते समय हादसे का शिकार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम विष्णुप्रसाद पिता रामचंद्र निवासी हाट मैदान मांगलिया है। वह लसूडिया क्षेत्र में एक कार कंपनी के शोरूम पर गार्ड का काम करता था। तडके 5 बजे वह गोदाम की तरफ जा रहा था, सडक पार करते समय एक ट्रक में उसे चपेट में ले लिया। गंभीर घायल हालत में उसे इलाज के लिए बड़े अस्पताल लाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मामले में लसूडिया पुलिस ने मर्ग कायम किया है।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्र./481/अ.क.री./का.से./2024 **विज्ञप्ति** इन्दौर, दिनांक: 16.10.2024

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा **ग्राम-सोलसिन्दा, तहसील-सांवेर, जिला-इंदौर** में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ क्र. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखण्डों का विवरण |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | आवेदक **गोल्ड कास्ट इस्टेट एल.एल.पी.** तर्फे **पार्टनर श्री दयाप्रकाश कुमावत पिता श्री स्वामीदास कुमावत** पता:14-बी, सम्पत फार्म, इन्दौर (म.प्र.) कॉलोनी का नाम: **"RESIDENCE GREEN"** | ग्राम-सोलसिन्दा, तहसील-सांवेर, जिला-इंदौर स्थित भूमि खसरा नंबर 425/1 रकबा 0.132 हैक्टेयर, 424/438/2 रकबा 0.005 हैक्टेयर में से 0.004 हैक्टेयर, 424/1/2 रकबा 0.075 हैक्टेयर, 423/1/2 रकबा 0.239 हैक्टेयर, 422/3 रकबा 1.700 हैक्टेयर में से 1.3566 हैक्टेयर, 422/1/1 रकबा 2.570 हैक्टेयर, 420 रकबा 0.138 हैक्टेयर, 415/1/4 रकबा 0.318 हैक्टेयर, 415/1/3/1 रकबा 0.314 हैक्टेयर कुल किता 09 कुल रकबा 5.490 हैक्टेयर में से 5.146 हैक्टेयर (51466.1 वर्गमीटर) भूमि पर। | बंधकनामा पंजीयन क्रमांक एमपी179092024ए 11086170 दिनांक 02.09.2024 से भूखण्ड क्र. 111, 124, 137 से 164 तक, 169, 174, 206 से 216 तक, 234 से 262 तक, 265 से 270 तक, 276 से 281 तक, 284 इस प्रकार कुल 85 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 6874.30 वर्गमीटर भूमि है। |

उपरोक्त कॉलम नंबर-4 में उल्लेखित 85 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडों का क्रय-विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

**(सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत)** **अपर कलेक्टर कॉलोनी सेल शाखा, जिला-इंदौर**

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्र./485/का.से./2024 **विज्ञप्ति** इन्दौर, दिनांक: 16.10.2024

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा **ग्राम-बारोली, तहसील-मल्हारगंज, जिला-इंदौर** में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ क्र. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखण्डों का विवरण |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | भूमि स्वामी **श्री उमाकांत पिता श्री लीलाधर शर्मा** तर्फे विकासकर्ता **मेसर्स एप्पल रियलमार्ट प्रा.लि.** तर्फे डायरेक्टर **श्री ऋषभ मेहता पिता श्री राजेश मेहता** पता: एम.-1, बी.सी.एम. हाईट्स, बादलचंद मेहता मार्ग, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.) कॉलोनी का नाम: **शांति पेराडाईज लीला इस्टेट** | ग्राम-बारोली, तहसील-मल्हारगंज, जिला-इंदौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 1/1/1 रकबा 1.042 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 1/2/1 रकबा 0.920 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 1/2/2 रकबा 0.308 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 17/1/1 रकबा 0.260 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 17/2 रकबा 0.700 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 18/1 रकबा 0.204 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 19/1 रकबा 0.147 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 20/1 रकबा 0.061 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 20/2 रकबा 0.060 हैक्टेयर, सर्वे नंबर 21 रकबा 0.089 हैक्टेयर कुल रकबा 7.823 हैक्टेयर में से 6.4416 भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी179152024ए 11085823 इंदौर दिनांक 02.09.2024 से भूखण्ड क्रमांक 12, 13, 51 से 64, 119 से 121, 140 से 144, 167 से 170, 177, 178, 183, 184, 186, 190, 197, 211 से 246, 232ए, 232बी, 232सी तक इस प्रकार कुल 74 भूखण्ड है जिनका संयुक्त क्षेत्रफल 9582.34 वर्गमीटर है। |

उपरोक्त कॉलम नंबर-4 में उल्लेखित 74 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडों का क्रय-विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

**(सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित)** **अपर कलेक्टर कॉलोनी सेल शाखा, जिला-इंदौर**

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/477/अ.क.री./का.से./2024 **विज्ञप्ति** इन्दौर, दिनांक 15/10/2024

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा **ग्राम-पिपल्यामल्हार, तहसील-राऊ, जिला-इंदौर** में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है-

| अ. क्र. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आवेदक मेसर्स श्रीनाथ बिल्डकॉन तर्फे पार्टनर श्री आशीष जोशी पिता श्री अशोक जोशी **पता- 200-ए, सूर्यदेव नगर, इंदौर (म. प्र.)**, कालोनी का नाम- **'माँ गिन्नी पार्क'** | ग्राम- पिपल्यामल्हार, तहसील-राऊ, जिला इंदौर स्थित भूमि खसरा नंबर 66/2/2 रकबा 0.885 हे., 66/3/1 रकबा 0.066 ., 66/3/2 रकबा 0.397 हे. कुल किता 03 कुल रकबा 1.348 हे. भूमि पर । | बंधकनामा पंजीयन क्रमांक एमपी179092024ए11064597 दिनांक 27.08.2024 से भूखण्ड क्रं. एस.आर.-1, एस. आर.-4, एस. आर.-5, 44, 45, 52, 23, 16, 18, 19, 27, 29, 30, एस. आर. -2, एस. आर.- 3, 24, 36, 37, 60, 8, 9, 28 इस प्रकार कुल 22 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 1841.21 वर्गमीटर भूमि है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 22 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नही किया जावेगा।

**(सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत)** **अपर कलेक्टर, जिला इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता के आधार कार्ड पर संतोष कुमार एवं पेनकार्ड पर संतोष पटेल एवं मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के रेकार्ड में संतोष खाती एवं संतोष कुमार खाती नाम दर्ज है। उपरोक्त सभी नाम मेरे पिता के होकर एक ही व्यक्ति के नाम हैं, जो कि मुझ शपथग्रहिता के पिता है। मेरा नाम कमलेश पटेल पिता संतोष खाती, कमलेश पटेल पिता संतोष कुमार खाती एवं कमलेश पटेल पिता संतोष खाती तथा कमलेश पटेल पिता संतोष कुमार मेरे ही नाम है। अतः वर्तमान एवं भविष्य में मेरा नाम कमलेश पटेल पिता संतोष पटेल के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

**कमलेश पटेल पिता स्व. श्री संतोष पटेल**
**निवासी-ग्राम व पोस्ट कम्पेल जिला इन्दौर**

**NAME CHANGE**

पूर्व मे मरा नाम अमित कुमार राठी (AMIT KUMAR RATHI) पिता ब्रिज मोहन राठी (BRIJ MOHAN RATHI) था।अब मेने नाम परिवर्तित कर नया नाम अमित राठी (AMIT RATHI) पिता ब्रिज मोहन राठी (BRIJ MOHAN RATHI) रख लिया है। अब मुझे मेरे नए नाम अमित राठी (AMIT RATHI) पिता ब्रिज मोहन राठी (BRIJ MOHAN RATHI) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**नया नाम - अमित राठी**
निवासी, म.न.7, महात्मा गाँधी मार्ग, कन्या शाला विधालय के पास, नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे Passport के डॉक्यूमेंट में मेरा नाम त्रुटिवश Siddhant Anurag Bapat दर्ज हो गया था, मेरा सही नाम **Siddhant Bapat** है जो की प्रमाणित है अत: मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे

**Siddhant Bapat**
**C/o Anurag Arun Bapat**
Flat No. 203Navratan Lifespace, 812/1, Riddhi siddhi colony ,Khajrana इन्दौर मध्यप्रदेश 452016

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम कुछ दस्तावेज सहित पासपोर्ट में हरपाल सिंह धरम सिंह (Harpal Singh Dharam Singh) दर्ज है। जबकि मेरा वास्तिवक नाम हरपाल सिंह भंडारी (Harpal Singh Bhandari) जो कि आधार कार्ड में सही है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम हरपाल सिंह भंडारी (Harpal Singh Bhandari) के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**हरपाल सिंह भंडारी**
(Harpal Singh Bhandari)
308, हालमार्क होम्स, दिव्य विहार कालोनी, सांवेर रोड़, इन्दौर (म.प्र.)

**In the Court of V Civil Judge Class-I, District Court, Indore**
**Presiding Officer: श्रीमती साक्षी कपूर**
**संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु**
**सक्सेशन प्र.क्र. (MJC SUC/235/2024)**
**अमरजीत सिंह V/s गुरुदीप सिंह**

प्रेषिती- Process ID............
पेशी दिनांक 07.11.2024

**1. सर्वसाधारण**
**2. आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अमरजीत सिंह पिता अमरीक सिंह कुकरेजा** ने मृतक **स्व. अमरीक सिंह कुकरेजा**, पता-153ए, कान्यकुब्ज नगर, 60 फीट रोड, विद्याधाम के पास, इन्दौर (म.प्र.) की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 07.11.2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो **पेशी दिनांक 07.11.2024** को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख **14.10.2024** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती साक्षी कपूर**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)**
**जिला न्यायालय, इन्दौर (म.प्र.)**

**PREMIUM CAPITAL MARKET AND INVESTMENT LIMITED**

**CIN:**L67120MP1992PLC007178
**Regd. Office:** 401- Starlit Tower, 29- Y.N. Road Indore 452003, Madhya Pradesh, India
**Contact No.:** +91 (0731) 2536127, +91 (0731) 2433348
**E-mail:**compliance.premium@gmail.com; **Website:www.premcapltd.com**

**UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED ON SEPTEMBER 30, 2024**

(Rs. in Lakh except EPS)

| Particulars | Quarter ended on 30/09/2024 | Year ended on 31/03/2024 | Quarter ended on 30/09/2023 |
|---|---|---|---|
| | Unaudited | Audited | Unaudited |
| Total Income From Operations | 254.46 | 88.47 | 15.42 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.06 | (4.39) | 0.12 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.06 | (27.99) | 0.12 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.06 | (27.99) | 0.12 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 7.06 | (27.99) | 0.12 |
| Equity Share Capital | 655.37 | 655.37 | 655.37 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as per the audited Balance Sheet of the previous year) | 0 | (683.36) | 0 |
| **Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations)-** | | | |
| Basic: (not annualized for the quarter ended) | (0.01) | (0.04) | (0.00) |
| Diluted: (not annualized for the quarter ended) | (0.01) | (0.04) | (0.00) |

**Note:-** The above financial is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the BSE Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly Financial Results are available on the Website of BSE Limited at www.bseindia.com and Company's website at **www.premcapltd.com**

**Date:** October 15, 2024 **For, PREMIUM CAPITAL MARKET AND INVESTMENT LIMITED**
**Place:** Indore **Ms. Manisha Sudip Bhattacharya - Director (DIN : 09630474)**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी जिला इन्दौर**

**(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक जी -09)**

**क्रमांक 915/री/2024** **इन्दौर, दिनांक 07/10/2004**
**प्र.क्र.796/अ-6/24-25**

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री अजय पिता स्व. जगन्नाथ मालवीय व अन्य पता 200 भिचौलीहप्सी इंदौर द्वारा म0प्र0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम भिचौलीहप्सी स्थित भूमि सर्वे न. 1/1 पैकी रकबा 2.690 हैक्टेयर भूमि पर व्यवहार न्यायालय के डिक्री के आधार पर राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। भूमि पर अनावेदक के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है । अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक तक 21/10/2024 अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी को 7/10/24

**तहसीलदार**
**तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर**

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)**

**क्रमांक INDLP 16092409707/ दिनांक/ 14/ OCT/2024**

क्र./ 1487 दिनांक/ 14/ OCT/2024

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती /मेसर्स (ShivShankar Choudhary)-Owner Name -Shri Shiv Shankar Choudhary S/o Shri Ramchandra Choudhary Address-211 Gram Pipalda Inodore M.P. द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया हैः परियोजना का नाम-**Shree Kripa Greens**

(ख) अवस्थिति(अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) पूर्व स्वीकृत ग्राम **BhicholiHapsi** (ct) तहसील **BhicholiHapsi** व जिला Indore की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 266/1/(शामिल खसरा 267/1/रकबा 0.736) कुल रकबा 0.7788149 हेक्टेयर भूमि पर Residential, ResidentialPlot-Plotted Housing विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन-Residential, ResidentialPlot-Plotted Housing

(घ) स्वीकृति क्रमांक Indlp 290523596/ दिनांक 2023-07-06

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mpgov.in/alps/web/objection.aspx?RefApp-SGgUuA90oc पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https//dtcp.mp.gov.in/alps/web uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला इंदौर (मप्र)**